## पेट में घुसी नुकीली चीज, बाहर निकल आईं आंतें, सीएचसी में इलाज के दौरान तोड़ा दम

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। जिले के हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बड़ा हादसा हो गया। पलिया गांव के पास मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार वैगनआर कार ने तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 48 वर्षीय रामनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनके पेट में कोई नुकीली चीज घुस गई, जिससे पेट में गंभीर चोट आई और आंतें बाहर निकल आईं। गंभीर हालत में उन्हें हरपालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। दोपहर करीब 12:30 बजे हुए हादसे के बाद



सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों ने घायलों को संभाला। सूचना मिलने पर हरपालपुर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गंभीर रूप से घायल रामनाथ को ग्रामीणों की मदद से निजी वाहन के जरिए हरपालपुर सीएचसी पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने तत्काल उनका उपचार शुरू किया, लेकिन उनकी हालत पहले से ही बेहद नाजुक थी। इलाज के दौरान रामनाथ ने दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद उनके परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। रामनाथ की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### कार कब्जे में, चालक हिरासत में

हादसे के बाद पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वैगनआर कार को कब्जे में ले लिया है। कार चालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसे के समय कार की गति कितनी थी और दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए हरदोई मर्चरी हाउस भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रैक्टर की किस्त जमा करने बाजार आए थे रामनाथ

रामनाथ अरवल थाना क्षेत्र के नाऊपुरवा गांव के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि सोमवार को वह अपने ट्रैक्टर की किस्त जमा करने के लिए पलिया गांव की बाजार में स्थित जन सेवा केंद्र आए थे। काम पूरा करने के बाद वह बाइक से सड़क से गुजर रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही वैगनआर कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रामनाथ सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।



घायल रामनरेश घायल सुधीर

### घर की जिम्मेदारियां संभालते थे रामनाथ

रामनाथ की मौत की खबर जैसे ही नाऊपुरवा गांव पहुंची, परिवार और आसपास के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। पत्नी रामपोती का रो-रोकर बुरा हाल है। उनके बेटे रवि, सुरजीत और कृष्णपाल तथा बेटियां प्रज्ञा और प्रीति भी पिता की मौत से गहरे सदमे में हैं। हादसे में उनके पेट में नुकीली चीज घुस जाने से उनकी हालत बेहद गंभीर हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने जब उन्हें इस हालत में देखा तो मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

परिजनों के मुताबिक रामनाथ परिवार की जिम्मेदारियां संभालते थे और खेती-किसानी से जुड़े काम के साथ परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह सोमवार को ट्रैक्टर की किस्त जमा करने के लिए घर से निकले थे, लेकिन कुछ ही देर बाद सड़क हादसे में उनकी मौत की खबर परिवार तक पहुंच गई।

# युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दी

## मानसिक तनाव और नशे का आदी था

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र के हड़हा गांव में सोमवार सुबह एक 18 साल के युवक का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। परिजनों को सुबह इस घटना की जानकारी हुई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में दुख का माहौल छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान हड़हा गांव निवासी रमेश के 18 साल के बेटे सभाजीत के तौर पर हुई है। सोमवार दोपहर करीब दो बजे पोस्टमार्टम हाउस में पिता रमेश ने बताया कि सभाजीत ने घर के अंदर ही संदिग्ध हालात में फांसी लगा ली थी। सुबह परिजनों को इसकी जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को बताया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर



मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी मिली है कि सभाजीत नशे का आदी था और मानसिक तनाव में भी रहता था। परिजनों के मुताबिक, सभाजीत तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। पिता रमेश ने बताया कि बेटे ने घर में ही फांसी लगा ली। परिजनों के अनुसार, सभाजीत कोई तय काम नहीं करता था और ज्यादातर घर पर ही रहता था। उसकी संगति भी अच्छी नहीं थी।

फास्ट न्यूज

### नए पुल के लिए 8 हरे पेड़ काटे गए

उन्नाव। उन्नाव में कानपुर और शुक्लागंज को जोड़ने वाले नए पुल के निर्माण में अब तेजी लाई जा रही है। सोमवार को मिश्रा कॉलोनी में पुल के रास्ते में आ रहे आठ हरे पेड़ों को काटकर हटाया गया। इनमें चार पीपल, दो नीम, एक शीशम और एक अन्य प्रजाति का पेड़ शामिल है। पेड़ों की कटान गावर कंस्ट्रक्शन के इंजीनियर देवेंद्र कुमार की देखरेख में कराई गई।

### लूट की साजिश से पहले दबोचे बदमाश

हरदोई। संडीला और आसपास के इलाकों में चोरी-लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रविवार रात पुलिस गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्नाव तिराहे पर तैनात टीम को सूचना मिली कि एचपी पेट्रोल पंप से मीतों की ओर जाने वाले रास्ते पर एक मकान के पास कुछ लोग बैठकर बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छिपकर संदिग्धों की बातचीत सुनी। पुलिस के मुताबिक, दोनों बदमाश आपस में सर्राफा दुकान का शटर तोड़कर लूट करने और अपने तीसरे साथी के आने का इंतजार करने की बात कर रहे थे।

### साण्डी में लापता किसान का शव नाले में मिला

हरदोई। हरदोई के साण्डी थाना क्षेत्र के कोले गांव में रविवार शाम से लापता 65 वर्षीय किसान रघुनाथ का शव सोमवार दोपहर गर्रा नदी से निकले नाले में तैरता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

किसान की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# त्योहारों से पहले हरदोई में पटाखा दुकानों और गोदामों की जांच

## स्टॉक रजिस्टर से लाइसेंस तक चेक किए, फायर एक्सटिंग्विशर खराब मिले तो तुरंत ठीक कराने के निर्देश

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में आने वाले त्योहारों को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। आगजनी और अन्य हादसों को रोकने के लिए रविवार रात शहर में पटाखा दुकानों और थोक व्यापारियों के गोदामों की जांच की गई। सोमवार दोपहर 2 बजे दमकल अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानों में सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से जांच की। एसडीएम सदर आशुतोष के नेतृत्व में टीम ने खदरा, बिलग्राम चुंगी और बावन चुंगी में स्थित पटाखा दुकानों और गोदामों का निरीक्षण किया। टीम में सीओ सिटी अजीत सिंह और दमकल अधिकारी शिवराम सिंह यादव के साथ कोतवाली पुलिस और अन्य प्रशासनिक कर्मचारी



शामिल रहे। अधिकारियों ने दुकानदारों के स्टॉक रजिस्टर, खरीद-बिक्री का रिकॉर्ड और पटाखों के लाइसेंस की जांच की। दुकानों में लगे फायर एक्सटिंग्विशर भी चेक किए गए। जहां अग्निशमन यंत्र खराब मिले, उन्हें तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने दुकानदारों को तय सीमा से अधिक बारूद और पटाखों का स्टॉक नहीं रखने की हिदायत दी। साथ ही भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर और हवादार स्थान पर पटाखे रखने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि पटाखों का कारोबार बेहद संवेदनशील है। थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सुरक्षा नियमों के तहत दुकानों में रेत से भरी बाल्टियां और पर्याप्त पानी की व्यवस्था होना जरूरी है। बिजली की वायरिंग भी सुरक्षित और मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। अधिकारियों ने दुकानदारों को दुकानों के आसपास 'धूम्रपान मना है' के बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पटाखा कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

# गणेश प्रतिमाओं पर चढ़ा आस्था का रंग

## 7 दिन बाद स्थापना, नागराज-चंद्रमा वाले गणेश की सबसे ज्यादा डिमांड

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव के शुक्लागंज में गणेश चतुर्थी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्व में अब सिर्फ सात दिन बाकी हैं और नगर में भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। बाबा कुटी गांव के पास बंगाल से आए मूर्तिकार और उनके साथी करीब तीन महीने से प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। दिन-रात मेहनत कर मूर्तिकार गणेश जी के अलग-अलग स्वरूपों को आकार और रंग दे रहे हैं। शुक्लागंज के अलावा उन्नाव, कानपुर, कन्नौज और आसपास के जिलों से लोग प्रतिमाओं की बुकिंग करा रहे हैं। बाबा कुटी के पास प्रतिमाएं तैयार कर रहे बंगाल के मूर्तिकार समीर पॉल ने बताया कि गणेश चतुर्थी के लिए करीब तीन महीने पहले से काम शुरू कर दिया गया था। उनके साथ आठ से दस कारीगर



लगातार प्रतिमाएं बनाने में जुटे हैं। अब पर्व नजदीक आने के कारण प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम तेज कर दिया गया है। इस बार मूर्तिकारों ने भगवान गणेश के कई आकर्षक स्वरूप तैयार किए हैं। नागराज पर बैठे गणेश, चंद्रमा पर विराजमान गजानन, कमल पर सवार गणपति और मूषक के साथ अलग-अलग मुद्राओं वाली प्रतिमाएं लोगों को पसंद आ रही हैं। मूर्तिकारों के मुताबिक नागराज, कमल और चंद्रमा वाले स्वरूपों की बुकिंग सबसे ज्यादा हो रही है। गणेश चतुर्थी का पर्व 14 सितंबर को मनाया जाएगा। इसे लेकर राजधानी मार्ग, पोनी रोड, ब्रह्मनगर, गांधीनगर, मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, नेहरूनगर, अंबिकापुरम, गायत्री नगर, भातृ फार्म, मझरा और कटरी क्षेत्र में पंडाल बनाए जा रहे हैं। नगर में करीब आधा दर्जन बड़े गणेश पंडालों का काम कई दिनों से चल रहा है। आयोजन को लेकर खासकर युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है।

### 3,500 से 30 हजार रुपए तक की प्रतिमाएं तैयार

मूर्तिकारों ने इस बार अलग-अलग आकार और डिजाइन की प्रतिमाएं बनाई हैं। इनकी कीमत करीब 3,500 रुपये से शुरू होकर 30 हजार रुपये तक है। कई प्रतिमाओं की पहले ही बुकिंग हो चुकी है। उन्नाव, कानपुर, कन्नौज समेत आसपास के जिलों से लोग यहां पहुंचकर अपनी पसंद की प्रतिमाएं बुक करा रहे हैं।

इस बार गणेश प्रतिमाओं में नए स्वरूपों को लेकर खास उत्साह है। नागराज पर बैठे गणेश, चंद्रमा पर विराजमान गजानन, कमल पर सवार गणपति और मूषक के साथ अलग-अलग मुद्राओं वाली प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। इनमें नागराज, कमल और चंद्रमा वाले स्वरूपों की मांग सबसे ज्यादा बताई जा रही है।

# पिकअप ने 4 साल की बच्ची को रौंदा

## हरदोई में मौत के बाद हाईवे पर शव रखकर जाम

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से चार साल की बच्ची माही की मौत हो गई। हादसे से नाराज परिजनों ने आरोपी चालक की गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार सुबह करीब 9 बजे लखनऊ-पलिया नेशनल हाईवे पर चांद बेहटा गांव के सामने शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों के सड़क पर बैठते ही हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब 45 मिनट तक इस मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। जाम की सूचना मिलते ही सीओ सिटी अजीत सिंह और शहर कोतवाल संजय त्यागी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया।



महिलाओं ने सड़क पर बैठकर रास्ता जाम किया, कई घंटे फंसे रहे वाहन।

इसके बाद परिजन शांत हुए और जाम खोल दिया। पुलिस के अनुसार, हादसा करने वाले वाहन को जब्त कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र की है।

# सरयू नदी खतरे के निशान से 37 सेमी ऊपर

## 60 गांव बाढ़ और कटान की चपेट में आए, कई इलाकों में आवागमन ठप

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। जिले में लगातार हो रही तेज बारिश और बैराजों से छोड़े जा रहे पानी के कारण सरयू नदी एक बार फिर उफान पर पहुंच गई है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने के बाद तराई क्षेत्र में बाढ़ का संकट गहराता जा रहा है। जिले के करीब 60 गांव बाढ़ और कटान से प्रभावित बताए जा रहे हैं। कई गांवों में लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, जबकि प्रमुख संपर्क मार्गों पर पानी भरने से आवागमन भी प्रभावित हुआ है। सोमवार सुबह 8 बजे एल्गिन ब्रिज पर सरयू नदी का जलस्तर 106.420 मीटर दर्ज किया गया। नदी का खतरे का निशान 106.070 मीटर है। इस तरह सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से करीब 35 सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए तराई क्षेत्र के ग्रामीणों में बाढ़ को लेकर चिंता बढ़ गई है। बाराबंकी के



तराई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बिगड़ने की एक बड़ी वजह बैराजों से लगातार पानी छोड़ा जाना भी है। प्रशासन के मुताबिक गिरिजा, शारदा और सरयू बैराज से करीब 3,78,800 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके चलते नदी के जलस्तर में और बढ़ोतरी होने की आशंका बनी हुई है। प्रशासन के अनुसार नेपाल से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण भी सरयू नदी का दबाव बढ़ा है। नदी में पानी बढ़ने से निचले इलाकों और नदी के आसपास बसे गांवों में बाढ़ का खतरा लगातार बना हुआ है। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ा दी है और अधिकारियों को स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बारिश की बात करें तो जिले के अलग-अलग हिस्सों में भी वर्षा हुई है। प्रशासन के अनुसार नवाबगंज तहसील में 3 मिलीमीटर और फतेहपुर में 38 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा हैदरगढ़, रामनगर और सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में भी बूंदाबांदी हुई है। लगातार बारिश और बैराजों से छोड़े गए पानी के कारण तराई क्षेत्रों में पहले से मौजूद जलभराव की स्थिति और गंभीर हो गई है। ग्रामीण इलाकों में लोगों को अपने रोजमर्रा के काम के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरयू के बढ़े जलस्तर का असर जिले के तराई क्षेत्र के दर्जनों गांवों में दिखाई दे रहा है। मदरहा, बल्लीपुर, पर्वतपुर, सुबेदार-पुरवा, कोटारी गौरिया,



चौसीपुरवा, गायघाट, बतनेरो, कलहंसपुरवा, गोबरहा, सनवा, अकोना, सरसंडा, टेपरा, भैरोकोल, परसावल, गेदरापुर, सराय, सुरजन, लोढ़मऊ और अतरौली समेत कई गांव बाढ़ और कटान की स्थिति से प्रभावित हैं। इन क्षेत्रों में नदी का पानी बढ़ने के साथ ग्रामीणों के सामने आवागमन और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की चुनौती खड़ी हो गई है। कुछ स्थानों पर पानी गांवों के संपर्क मार्गों तक पहुंच गया है, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। बाढ़ का असर ग्रामीण संपर्क मार्गों पर भी पड़ने लगा है। कचनापुर-हेतमापुर मार्ग पर पानी भर जाने के कारण आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। सड़क पर पानी आने के बाद इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा बेलहरी, बाबा पुरवा, केदारीपुर और बलाईपुर गांवों में भी बाढ़ की स्थिति ज्यादा गंभीर बताई जा रही है।

मुश्किलें : उन्नाव में नए इलाकों में घुसा बाढ़ का पानी, गलियों में नाव चल रही

# उन्नाव में खतरे के निशान के करीब पहुंची गंगा

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। जिले में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से एक बार फिर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। गंगा किनारे बसे ग्रामीण और शहरी इलाकों में पानी बढ़ने से लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। कई ऐसे क्षेत्रों में भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है, जहां कुछ दिन पहले जलस्तर कम होने के बाद स्थिति सामान्य होने लगी थी। कई स्थानों पर नाव की व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को पानी के बीच से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण बांधों में पानी का दबाव बढ़ गया है। दबाव कम करने के लिए बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है, जिसका सीधा असर गंगा के जलस्तर पर पड़ रहा है। इसके



अलावा कानपुर स्थित गंगा बैराज के सभी गेट खोले जाने के बाद उन्नाव में नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। प्रशासन और केंद्रीय जल आयोग की निगरानी के बीच नदी अब खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंच चुकी है। गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शनिवार शाम छह बजे नदी का जलस्तर 112.37 मीटर दर्ज किया गया था। रविवार शाम छह बजे तक यह बढ़कर 112.52 मीटर हो गया। इसके बाद सोमवार सुबह गंगा का जलस्तर 112.620 मीटर तक पहुंच गया। इस तरह महज 12 घंटे के दौरान गंगा के जलस्तर में करीब 10 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केंद्रीय जल आयोग ने सोमवार को जलस्तर के 112.65 मीटर तक पहुंचने की संभावना जताई है। लगातार बढ़ते पानी को देखते हुए गंगा किनारे बसे गांवों और मोहल्लों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई है। गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर के कारण नदी अब खतरे के निशान के काफी करीब पहुंच गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी गति से पानी बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।



खासकर नदी के किनारे बसे निचले इलाकों में पानी पहुंचने से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की जरूरत पड़ सकती है। पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण आने वाले दिनों में भी गंगा के जलस्तर पर दबाव बने रहने की संभावना है। ऐसे में प्रशासन को नदी किनारे बसे इलाकों में निगरानी और राहत व्यवस्था बढ़ानी पड़ सकती है। गंगा का बढ़ता पानी अब श्रीनगर इलाके तक पहुंच गया है। यहां कई घरों के सामने पानी भर गया है। इससे स्थानीय लोगों को घरों से बाहर निकलने और रोजमर्रा के काम के लिए आने-जाने में परेशानी हो रही है। पानी बढ़ने के कारण लोगों को जलभराव वाले रास्तों से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलस्तर कम होने के बाद कुछ राहत मिली थी, लेकिन दोबारा पानी बढ़ने से परेशानी फिर शुरू हो गई है।

# उन्नाव के गंगा पुल की उखड़ी सड़क पर माला चढ़ाई

## मरम्मत के बाद भी सड़क उखड़ने से नाराज युवाओं ने हादसे का खतरा बताया

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में कानपुर और उन्नाव को जोड़ने वाले शुक्लागंज गंगा पुल की खराब सड़क को लेकर लोगों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। पुल की सड़क कई जगह से टूट चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे और टूटे हिस्से लोगों के लिए परेशानी बने हुए हैं। सोमवार दोपहर दो बजे कुछ युवाओं ने पुल पर प्रदर्शन किया। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की और सड़क की जल्द मरम्मत की मांग की। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने पुल के बीच उखड़ी सड़क पर माला चढ़ाकर अलग तरीके से अपना विरोध जताया। युवाओं ने कहा कि पुल की हालत लंबे समय से खराब है। लेकिन, जिम्मेदार विभाग समस्या



का पक्का हल नहीं निकाल पा रहा है। उनका आरोप है कि सड़क की मरम्मत कई बार कराई गई, लेकिन कुछ समय बाद ही सड़क दोबारा टूट जाती है। इससे काम की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। शुक्लागंज गंगा पुल कानपुर और उन्नाव के बीच आने-जाने का मुख्य रास्ता है। इस पुल से रोजाना हजारों लोग दोपहिया, चारपहिया और दूसरे वाहनों से गुजरते हैं। सड़क टूटी होने के कारण वाहन चालकों को गड्ढों से बचकर निकलना पड़ता है। खासकर दोपहिया वाहन सवारों के लिए हालात ज्यादा खतरनाक बने हुए हैं। अचानक गड्ढा सामने आने पर वाहन का संतुलन बिगड़ने से हादसा होने का डर बना रहता है। प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने कहा कि पुल की सड़क को सिर्फ ऊपर से पैचवर्क करके छोड़ने के बजाय अच्छी गुणवत्ता के साथ ठीक किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि अगर समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो आने वाले दिनों में समस्या और बढ़ सकती है। युवाओं ने बड़े हादसे का डर भी जताया। उन्होंने चेतावनी दी कि पुल पर लगातार वाहनों का दबाव रहता है और सड़क की हालत लगातार खराब हो रही है।

## 250 साल पुराना हो सकता है, सहारनपुर जा रहे अजय राय गिरफ्तार

# एएसआई अफसर मस्जिद के नीचे मिले कुएं में उतरे

**जांच**

**तमसा संकेत, एजेंसी**




सहारनपुर। सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में ढहाई गई मस्जिद के नीचे मिले कुएं की जांच के लिए सोमवार सुबह ASI की टीम पहुंची। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के 3 अफसर दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। कुएं के अंदर उतरकर जांच की। फीता डालकर उसकी गहराई मापी। एएसआई अफसर ने कहा- कुआं 200 से 250 साल पुराना हो सकता है। मामले में सियासत भी तेज है। सहारनपुर जा रहे सपा विधायक अतुल प्रधान को पुलिस ने मेरठ में हाउस अरेस्ट कर लिया। प्रधान जैसे ही अपने घर में कार पर सवार हुए। पुलिस ने आगे जीप खड़ी कर दी। विधायक ने कहा- आपके पास लाठी है। आप चलाओ, लेकिन हम जरूर जाएंगे। सपा विधायक आशु मलिक, सपा नेता शायान मसूद को भी पुलिस ने रोक दिया। लखनऊ में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को गिरफ्तार कर लिया गया। विपक्षी डेलिगेशन के सहारनपुर पहुंचने को लेकर सपा सांसद इकरा हसन ने कहा- हम लोग रूट बदलकर किसी तरह से यहां पहुंचे हैं। जिन अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई हुई, वो मिलने से मना कर रहे हैं। सपा सांसद हरेंद्र मलिक कमिश्नर ऑफिस भी गए थे, लेकिन उन्हें वहां कोई अफसर नहीं मिला। शनिवार को 16 घंटे बुलडोजर चलाकर मस्जिद ढहाई गई थी। रविवार सुबह जब मलबा हटाया गया तो नीचे कुआं मिला। यह 20 फीट गहरा और डेढ़ मीटर चौड़ा है।

पुलिस ने इसे लोहे की चादर से ढंक दिया है, ताकि मलबा अंदर न जाए। कुआं कितना पुराना है? इसका पता लगाने के लिए प्रशासन ने ASI को बुलाया है।

वहीं, मस्जिद की शिकायत करने वाले विकास त्यागी ने दावा किया- यहां पहले मंदिर रहा होगा। जांच होनी चाहिए। मुस्लिम धर्मगुरुओं और मस्जिद पक्ष का दावा है कि मस्जिद करीब 100 साल पुरानी थी।

70 साल पुराने वक्फ के दस्तावेजों में इसका जिक्र है। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने लखनऊ में गिरफ्तार कर लिया।



### इकरा हसन बोलीं- बुलडोजर से न्याय कोई इंसाफ नहीं है

सपा सांसद इकरा हसन ने कहा– जनप्रतिनिधियों को सहारनपुर जाने से रोकना सही नहीं है। हम लोग रूट बदलकर किसी तरह से आज यहां पहुंचे हैं। यहां पर लोगों को इसलिए जाने से रोका जा रहा है, ताकि मनमानी की जा सके। कोई भी ऐसा आदेश नहीं था कि मस्जिद टूटेगी, लेकिन नियमों का पालन नहीं हुआ। उसे रातों रात तोड़ दिया गया। इस सरकार के इशारे पर यहां पर अधिकारियों ने इस घटना को अंजाम दिया।

# स्वतंत्रता समाज सेवा ट्रस्ट का चौथा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

## सांस्कृतिक संध्या में बच्चों ने दिया हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई एकता का संदेश

**तमसा संकेत, संवाददाता**

**150 से अधिक गणमान्य अतिथि हुए शामिल**





मेरठ। स्वतंत्रता समाज सेवा ट्रस्ट का चौथा स्थापना दिवस एवं सांस्कृतिक संध्या शहर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े 150 से अधिक गणमान्य अतिथियों ने शिरकत कर ट्रस्ट के सामाजिक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी साजिद खान (हापुड़) रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जूनियर रफी मोहम्मद शाहिद और हाजी सरताज गाजी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद बच्चों ने हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई एकता पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। बच्चों की विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में मौजूद लोगों का मन मोह लिया। रात करीब 8 बजे ट्रस्ट के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केक काटकर स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में स्वतंत्रता समाज सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष चांदनी सैफी और कोषाध्यक्ष दिलशाद चौधरी ने सभी आमंत्रित अतिथियों का फूल-माला और शील्ड भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में डॉ. राव जफरयाब, डॉ. वसीम अब्बासी, हाजी मोहम्मद अफजाल, अजय चौधरी, मनोज कुमार, नावेद खान, मोहम्मद साकिब अंसारी, मोहम्मद फारूक चौधरी एडवोकेट, साजिद सैफी, विनोद मदान, आसिफ चौधरी, जुनैद फारूकी, यासीन चौहान, आमिर मेरठी, आस मोहम्मद इलाही, मोइनुद्दीन अंसारी, अरशद शाद, नौशाद सलमानी, इल्यास शेख, अकरम अब्बासी, आर्यन राजपूत, रिहाना खान, पूनम श्री, अजरा खान, परवीन सैफी, शहरीन, हुमैरा, मंतशा, नरगिस, सना, सानिया, मायरा, अदीबा, अक्शा, साजिदा और खुशबू, उजमा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**फास्ट न्यूज**

### उ0प्र0 जैन विद्या शोध संस्थान लखनऊ में उपाध्यक्ष समेत 09 सदस्य नामित

लखनऊ। संस्कृति विभाग के अधीन स्वायत्तशासी संस्था उ0प्र0 जैन विद्या शोध संस्थान लखनऊ के संविधान में की गयी प्राविधान के अनुसार सामान्य परिषद में उपाध्यक्ष/सदस्य समेत 09 महानुभावों को तत्काल प्रभाव से सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इन नामित सदस्यों का कार्यकाल 03 वर्ष की अवधि के लिए होगा अथवा राज्य सरकार द्वारा हटाये जाने की तिथि तक, जो पहले हो।

### 13वें इंडिया जीनियस अवॉर्ड समारोह में उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने प्रतिभाओं का किया उत्साहवर्धन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव ने 13वें इंडिया जीनियस अवॉर्ड समारोह-2026 में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचान-कर उन्हें उचित अवसर एवं सम्मान प्रदान करना उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ ही देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करता है। लखनऊ स्थित होली पब्लिक स्कूल सभागार में आयोजित समारोह का शुभारंभ श्रीमती अपर्णा यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

### सड़क के लिए जेन-अल्फा ने दिया धरना

मिर्जापुर। मिर्जापुर में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले जेन–अल्फा (13 साल तक के बच्चे) सोमवार सुबह 10 बजे सड़क बनवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। बच्चों की मांग थी कि स्कूल तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क बनाई जाए। बड़ी मुश्किल से खेतों की मेड़ से होकर उन्हें स्कूल पहुंचना पड़ता है। बारिश के बीच स्कूल के बाहर भीगते हुए प्रदर्शन कर रहे बच्चों का हौसला देखकर अभिभावक और शिक्षक भी उनके साथ शामिल हो गए।

# पंचायत प्रतिनिधियों ने घेरा डिप्टी सीएम

## बोले- गांव की सरकार नहीं तो विधानसभा की नहीं

- पंचायत चुनाव कराने की मांग को लेकर डिप्टी सीएम के आवास के बाहर प्रदर्शन करते हुए।
- प्रदर्शन कर रहे हैं आनंद ने कहा कि समय पर चुनाव न होना संविधान का अपमान है।

**तमसा संकेत, एजेंसी**




लखनऊ। लखनऊ में सोमवार को पंचायत अधिकार संघ ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास का घेराव किया। प्रदेशभर से आए ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने करीब 2 घंटे तक आवास के बाहर प्रदर्शन किया। सभी पंचायत चुनाव जल्द कराने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने गांव की सरकार नहीं तो विधानसभा की सरकार नहीं और पंचायत चुनाव जल्द करवाओ के नारे लगाए। डिप्टी सीएम से मुलाकात होने पर प्रदर्शनकारियों ने हाथ जोड़कर चुनाव की तारीख पूछी और जल्द चुनाव कराने की मांग रखी। पंचायत प्रतिनिधि आनंद कुमार ने कहा कि 26 मई 2026 को ग्राम प्रधानों का कार्यकाल पूरा हो चुका है।

## मेरठ पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई, 2023 से चल रहा था वांछित

# पेपर आउट और सॉल्वर गैंग के 20 हजार के इनामी आरोपी को दिल्ली से दबोचा

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मेरठ। प्रतियोगी परीक्षाओं में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने और सॉल्वर के जरिए अभ्यर्थियों को फर्जी तरीके से पास कराने के मामले में मेरठ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना सिविल लाइन पुलिस और स्वाट टीम नगर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी आरोपी मोनू उर्फ प्रशान्त कुमार सिंह को दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न जनपदों में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी की गिरफ्तारी के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक, 28 जून 2023 को एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ के निरीक्षक सुनील कुमार की तहरीर पर थाना सिविल लाइन में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि कुछ लोग संगठित होकर अभ्यर्थियों से अवैध धनराशि लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र आउट कराने, प्रश्नपत्र हल कराने और सॉल्वर के माध्यम से अभ्यर्थियों को फर्जी तरीके से पास कराने का काम कर रहे थे। मामले में धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120बी और 34 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ देहरादून के थाना रायपुर में वर्ष 2025 में उत्तराखंड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम के तहत भी मुकदमा दर्ज है।

इस मामले की जांच सीबीआई उत्तराखंड द्वारा की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देश, पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। 7 सितंबर 2026 को आरोपी को दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके से गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी अरुण भाटी, स्वाट टीम प्रभारी मनीष शर्मा व टीम, उपनिरीक्षक अमित कुमार, उपनिरीक्षक शुभम पचौरी तथा हेड कांस्टेबल कृष्ण प्रताप सिंह शामिल रहे।

### विवेचना में सामने आया नाम, घोषित हुआ इनाम

विवेचना के दौरान मोनू उर्फ प्रशान्त कुमार सिंह पुत्र ओमपाल सिंह/रामअवतार, निवासी ग्राम खटाना, थाना जारचा, जनपद गौतमबुद्धनगर का नाम सामने आया। पुलिस के अनुसार आरोपी लगातार वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस का दावा है कि आरोपी के खिलाफ अलग-अलग जनपदों में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित कई मुकदमे दर्ज हैं। जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि पूर्व में गिरफ्तारी के समय आरोपी ने अपने पिता का नाम अलग-अलग बताया था।

### छह मुकदमों में सामने आया नाम

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मोनू उर्फ प्रशान्त कुमार सिंह के खिलाफ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित छह मुकदमे दर्ज हैं। इनमें सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम से जुड़े मामले गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर और गौतमबुद्ध-नगर में दर्ज हैं, जबकि मेरठ में वर्ष 2023 में धोखाधड़ी, कूटरचना और आपराधिक साजिश से संबंधित मुकदमा दर्ज हुआ था।

देहरादून में दर्ज वर्ष 2025 के मामले की जांच सीबीआई कर रही है।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में यूपी का परचम, लखनऊ ने इंदौर को पीछे छोड़ रचा इतिहास

## नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छ

- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में यूपी का परचम, लखनऊ ने इंदौर को पीछे छोड़ रचा इतिहास।
- नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहरों की दिशा में उत्तर प्रदेश की बड़ी छलांग।

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में उत्तर प्रदेश ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने स्वच्छ वायु संरक्षण के क्षेत्र में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए पहली बार इंदौर को पीछे छोड़ दिया है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, वायु गुणवत्ता सुधार और नगरीय व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का परिणाम है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, हरित क्षेत्र के विस्तार, सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई तथा वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में उत्तर प्रदेश के विभिन्न श्रेणियों के कुल 16 शहरों का स्थान बनाना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की कैटेगरी-1 में उत्तर प्रदेश के छह शहरों ने स्थान बनाया। इनमें लखनऊ ने देश में पहला, आगरा ने चौथा, गाजियाबाद ने नौवां, कानपुर ने ग्यारहवां, प्रयागराज ने तरहवां और मेरठ ने बाइसवां स्थान प्राप्त किया। वहीं 3 लाख से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों की कैटेगरी-2 में भी उत्तर प्रदेश के छह शहरों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। इसमें फिरोजाबाद ने दूसरा, झांसी ने पांचवां, मुरादाबाद और नोएडा ने आठवां, गोरखपुर ने बाइसवां और बरेली ने छब्बीसवां स्थान प्राप्त किया।तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों की कैटेगरी-3 में भी उत्तर प्रदेश के चार शहरों ने सफलता हासिल की। रायबरेली ने 17वां, अनपरा ने 29वां, खुर्जा ने 30वां और गजरौला ने 31वां स्थान प्राप्त किया।

## जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, 12 सितंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए पीआरवी वाहन रवाना

**तमसा संकेत, एजेंसी**






लखनऊ। राष्ट्रीय लोक अदालत और राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 3.0 को लेकर आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की ओर से सोमवार को विशेष प्रचार अभियान शुरू किया गया। इसके तहत जनपद न्यायालय परिसर से एक पीआरवी वाहन को रवाना किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ मलखान सिंह ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले की विभिन्न तहसीलों, विकासखंडों और दूर-दराज के क्षेत्रों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत और मध्यस्थता के जरिए विवादों के समाधान की जानकारी देगा। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अदालतों में लंबित मामलों के आपसी सहमति और सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण के लिए प्रेरित करना है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, सर्वोच्च न्यायालय की मीडिएशन एवं कंसीलि-येशन प्रोजेक्ट कमेटी तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर 12 सितंबर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लखनऊ में यह आयोजन जनपद न्यायालय के अलावा पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण, उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, स्थायी लोक अदालत, श्रम न्यायालय और वाणिज्यिक न्यायालय में भी होगा। इसके साथ ही कलेक्ट्रेट और जिले की सभी तहसीलों में भी राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 3.0 भी चलाया जा रहा है। यह अभियान 1 अगस्त से शुरू होकर 30 दिसंबर 2026 तक जारी रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर आपसी सहमति, सुलह और समझौते के माध्यम से विवादों का जल्द और स्थायी समाधान कराना है।



### सुलह-समझौते से मामलों के निस्तारण पर जोर

राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐसे मामलों का आपसी सहमति और सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किया जा सकता है, जिनमें पक्षकार विवाद को आपसी सहमति से समाप्त करना चाहते हैं। इससे लंबे समय से चल रहे मामलों को शीघ्र निस्तारित करने का अवसर मिलता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि पीआरवी वाहन के माध्यम से लोगों को लोक अदालत की प्रक्रिया और इसके लाभों की जानकारी दी जाएगी। वाहन के जरिए ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचकर आम लोगों को जागरूक किया जाएगा।

**हिरासत : लखनऊ पुलिस ने धरने से जबरदस्ती उठाया, ठेलते हुए गाड़ी में बैठाया**


# सहारनपुर जा रहे अजय राय गिरफ्तार किए गए

- अजय राय समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन लखनऊ में रखा गया है।
- अजय राय को पुलिस हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले गई।

**तमसा संकेत, एजेंसी**



लखनऊ में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को सोमवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वह पार्टी प्रतिनिधिमंडल के साथ सहारनपुर जाने की तैयारी में थे। अजय राय को कांग्रेस मुख्यालय से हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले जाया गया। वह सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर की मस्जिद पर हुई बुलडोजर कार्रवाई का जायजा लेने और पीड़ितों व मस्जिद कमेटी के सदस्यों से मिलने जा रहे थे। अजय राय के हिरासत में लिए जाने की सूचना मिलते ही कांग्रेस मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जमा हो गए। पुलिस जब उन्हें अपने साथ ले जाने लगी तो कार्यकर्ताओं ने विरोध किया और नारेबाजी की। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने अजय राय को गाड़ी में बैठाया और वहां से पुलिस लाइन के लिए रवाना हो गए। सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद को प्रशासन ने सरकारी जमीन पर बना अनधिकृत निर्माण बताते हुए ध्वस्त किया है। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई अदालत के आदेश और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई। सहारनपुर की कार्रवाई के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति में घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों ने सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद समेत कई विपक्षी नेताओं ने भी ध्वस्तीकरण को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। अजय राय ने कहा कि पुलिसिया बल और दमनकारी हथकंडों से कांग्रेस की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। पीड़ितों को न्याय दिलाने की लड़ाई हर हाल में जारी रहेगी।



अजय राय के समर्थन में कार्यकर्ताओं की नारेबाजी बोले– संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं।

### 'भाजपा सरकार के इशारे पर ऐसा किया'

अजय राय ने से बातचीत में कहा कि वह सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद को ध्वस्त किए जाने की घटना के पीड़ितों और मस्जिद कमेटी के सदस्यों से मिलने जा रहे थे। सरकार के इशारे पर पुलिस ने उन्हें और कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बल प्रयोग किया और हिरासत में लिया।

# धीरेंद्र प्रताप सिंह अपहरण-हत्या कांड में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

## सीसीटीवी, तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से पुलिस ने दबोचा

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में धीरेंद्र प्रताप सिंह के अपहरण के बाद हुई हत्या की घटना में शामिल 50 हजार रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी एवं मैनुअल साक्ष्यों तथा स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से आरोपी तक पहुंच बनाई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जय किशन पुत्र बैजनाथ, निवासी मानपुर डेहवा, थाना जैतपुर, जिला बाराबंकी, हाल पता पटेल नगर निलमथा, थाना सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ के रूप में हुई है। आरोपी की उम्र करीब 25 वर्ष बताई गई है। पुलिस के अनुसार वह इस हत्याकांड में वांछित था और उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7,300 रुपये नकद तथा पीली धातु की एक अंगूठी, जिसमें पारदर्शी नग लगा हुआ है, बरामद की है। पुलिस के मुताबिक अंगूठी मृतक धीरेंद्र प्रताप सिंह की है।

पुलिस टीम द्वारा आरोपी से पूछताछ और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की गई। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को सोमवार, 7 सितंबर 2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

